हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

11 विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 31 हजार...



12 रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों ...



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री जेपी दलाल आज बहल आएंगे

**बहल।** प्रदेश के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल 31 जनवरी व 1 फरवरी को दो दिन के लिए लोहारू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 31 जनवरी को वे लोहारू में गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इसके अलावा वे लोहारू में सामाजिक व पार्टी संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। लोहारू कार्यालय प्रभारी बलवान जांगड़ा ने बताया कि पूर्व मंत्री जेपी दलाल एक फरवरी को बहल में विभिन्न आयोजनों में शामिल होकर लोगों से रूबरू होंगे। वे एक फरवरी को बहल में रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### गांव मित्ताथल में हवन मेला और भंडारा आज



भिवानी। लाइटों से जगमगाता गांव मिताथल स्थित बाबा खुबीनाथ मंदिर।

**भिवानी।** गांव मित्ताथल के बाबा खुबीनाथ मंदिर में माघ मास की चतुर्दशी पर हर वर्ष की भांति 31 जनवरी को हवन, विशाल मेले व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। मेले व भण्डारे में समस्त ग्रामीणों का विशेष योगदान रहेगा। भंडारे में गंगाजल व गाय के घी के साथ प्रसाद तैयार किया जाएगा। मेले व भण्डारे में समस्त ग्रामीणों के साथ-साथ दूरदराज से श्रद्धालु व साधु संत भाग लेंगे।

### गांव राजपुरा खरकड़ी में आज होगी ग्राम सभा

**भिवानी।** ग्राम पंचायत राजपुरा खरकड़ी के विकास को नई गति देने और ग्रामीणों की समस्याओं के सीधे समाधान के लिए 31 जनवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक गांव की जरनल धर्मशाला में होगी। सरपंच रविंद्र के नेतृत्व में होने वाली सभा में गांव के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता अभियान और आगामी विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। ग्राम सचिव ने बताया कि बैठक में गांव के विकास कार्यो सहित सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर चर्चा होगी। इस सभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जहां हर ग्रामीण को अपनी बात रखने का अधिकार है। सरपंच रविंद्र ने कहा कि गांव का विकास तभी संभव है जब हर ग्रामीण इसमें भागीदारी करे।

# सब्जियों पर ठंड और पाले की मार किसान पर आर्थिक संकट का भार

- गोल, लम्बे व बैंगनी की तीन एकड़ में लगाई फसल, आमदनी से ज्यादा हुई लागत
- ऑर्गेनिक खाद व स्प्रे पर सात हजार खर्च फसल बिक्री से मात्र पांच हजार रुपये मिले
- पाला जमने के कारण पौधों की पत्तियां झुलसी और फूल-फल झड़ गए, घटेगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ठंड के मौसम में दिन प्रतिदिन तापमान में गिरावट हो रही हैं, वहीं पाला जमने की समस्या सब्जियों पर भारी पड़ रही हैं, ऐसे में सब्जियों के पौधें झुलसकर पूरी तरह से सूख रहे हैं और पैदावार पर भी ब्रेक लग गया हैं। पाला जमने के कारण पौधों की पत्तियां झुलस गई हैं और फूल-फल झड़कर जमीन पर गिरकर उत्पादन घट गया हैं। सब्जियों की खेती करने वाले किसान के सामने सब्जियां खराब होने से आर्थिक संकट खड़ा हो गया हैं। तीन एकड़ में लगाई गोल,लम्बे व बैंगनी की फसल तैयार करने में ऑर्गेनिक खाद व स्प्रे पर खर्च ज्यादा हुआ और पैदावार से पूर्व पाले की वजह से पौधे झुलस कर खराब हो गए।

ठंड के कारण जहां गेहूं व सरसों की फसलों में पीलापन की समस्या देखी गई, वहीं अब पाले की मार सब्जियों पर भी पड़ चुकी हैं। सब्जियों पर ठंड व पाले की मार से किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया हैं। पालुवास के किसान सतबीर ने गोल व लम्बे और बैंगनी की तीन एकड़ में फसल लगाई थी, जिस पर बीज, ऑर्गेनिक खाद व स्प्रे पर करीब दस पंद्रह हजार रुपये खर्च आया और सब्जियों के पौधें पैदावार देने को तैयार हुए। इसी के चलते बैंगन के आधे से ज्यादा पौधे पाले व ठंड की चपेट में आए गए और बुरी तरह से झुलस एवं सूखा गए। बैंगन के पौधें सूखने से पैदावार शुरू होने से पहले से रूक गई।



किसान सतबीर, विरेंद्र, सुभाष शेखावत, गोलिया व विनोद बामला का कहना हैं कि सब्जियों के पौधें पाले व ठंड की वजह से बुरी तरह से झुलस गए और सब्जियां भी खराब हो गई। पौधे जलने एवं सूखने से अब उनपर सब्जी नहीं लग सकती। उन्होंने बताया कि सब्जी की फसल तैयार करने में उसके दस से पंद्रह हजार रुपये खर्च हो गए और उसकी पैदावार से मात्र पांच हजार ही कमा पाया और उन्हें करीब दस हजार रुपये का नुकसान झेलना पड़ा। इसके अलावा खेत, पानी व मजदूर खर्च अलग रह गया। उसे उम्मीद थी कि सब्जी की पैदावार काफी अच्छी होगी और उसे मुनाफा होगा, लेकिन मौसम की मार के कारण उसे आमदनी की बजाय घाटा ही झेलना पड़ा, जो उसे आर्थिक संकट की ओर ले जा रहा हैं।

### तापमान नियंत्रित रखने के लिए सिंचाइ कम करें

कृषि विशेषज्ञ के अनुसार किसान को पाला पड़ने की आशंका के चलते कम सिंचाई करनी चाहिए, ताकि मिट्टी में नमी कम रहे व तापमान नियंत्रित रहे। रात में खेत के चारों ओर धुआं जैसे गीली घास जलाकर करें, जिससे तापमान जमाव बिंदु से नीचे नहीं गिर पाएगा और पाले का असर कम होगा। जिस दिन पाला पड़ने की संभावना हो, उस दिन 400 लीटर पानी में 400 मिलीलीटर गंधक के तेजाब सल्फ्यूरिक एसिड को मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। तापमान को नियंत्रित करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सलाह लें और स्थानीय मौसम के अनुसार उपाय करें।

### पाले का सब्जियों पर असर ज्यादा



कृषि विशेषज्ञ के अनुसार सब्जियां की क्षमता अधिक पाले व ठंड की मार नहीं झेल पाती, जिसकारण पौधों के झुलने व सूखने की समस्या बनती हैं। किसान को अपनी फसल से काफी उम्मीद होती हैं और वह पैदावार को मुनाफ की नजर से देखता हैं, लेकिन मौसम की मार के आगे परिस्थिति विपरीत हो जाती हैं। ठंड और पाले से सब्जियों के पौधों की कोशिकाओं में पानी जमकर उन्हें फाड़ देता है, जिससे पत्तियां झुलस जाती हैं, फूल-फल झड़ते हैं और उत्पादन गिर जाता है। इससे बचाव के लिए किसान कम सिंचाई करें, खेत में धुआं करें और गंधक के तेजाब (सल्फ्यूरिक एसिड) का छिड़काव जैसे उपाय करें।

ठंड के कारण जहां गेहूं व सरसों की फसलों में पीलेपन की समस्या देखी गई, वहीं अब पाले की मार सब्जियों पर भी पड़ चुकी है



भिवानी। ठंड व पाले से झुलसी व खराब हुई बैंगन की फसल दिखाता किसान सतबीर।

### पशुपालकों के लिए उम्मीद की किरण बना जिला पशु पॉलीक्लीनिकः डॉ.जोनी

# मादा श्वान के शरीर से निकाला ट्यूमर, 3 घंटे में की दो सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- डॉक्टरों को एक ही समय पर दो अलग-अलग सर्जरी करनी पड़ी

जिला पशु चिकित्सालय एवं पॉलीक्लीनिक एक बार फिर पशु चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए चर्चा में है, यहां के पशु चिकित्सकों की टीम ने दिल्ली एनसीआर से आए बेहद जटिल मामले को सफलतापूर्वक सुलझाते हुए मादा श्वान (कुतिया) की जान बचाई है। डॉक्टरों ने करीब 3 घंटे चले लंबे ऑपरेशन के दौरान मादा श्वान के शरीर से करीब एक किलो वजनी मैमोरी ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की है।

डॉक्टरों को एक ही समय पर दो अलग-अलग सर्जरी करनी पड़ी, सबसे पहले मादा श्वान की बच्चेदानी की सर्जरी की, जिसमें जांच के दौरान कैंसर के लक्षण पाए गए थे। इसके तुरंत बाद दूसरी सर्जरी के माध्यम से उसके शरीर से भारी-भरकम मैमोरी ट्यूमर को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और श्वान की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। इस जटिल ऑपरेशन को पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत के कुशल निर्देशानुसार अंजाम दिया। मुख्य सर्जरी वेटनरी सर्जन डॉ. जोनी व डॉ. सुभाष की टीम ने की। ऑपरेशन के दौरान पॉलीक्लीनिक के अन्य सहायक स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा।

वेटनरी सर्जन डॉ. जोनी ने बताया कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि ट्यूमर का आकार काफी बड़ा था और साथ ही बच्चेदानी में कैंसर के संक्रमण की भी पुष्टि हुई थी। हमारी प्राथमिकता श्वान को दर्द से निजात दिलाना और संक्रमण को फैलने से रोकना था। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों सर्जरी सफल रहीं। भिवानी का ये अस्पताल अब न केवल स्थानीय बल्कि एनसीआर जैसे क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए भी एक उम्मीद की किरण बन रहा है।



### प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, मुख्य आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** आर्थिक अपराध शाखा, भिवानी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 2,43,000 की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में रंजीत निवासी लोहड बाजार, भिवानी ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसके भाई व उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीपीएल कार्डधारकों को प्लॉट दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग समय पर कुल 2,43,000 प्राप्त किए, लेकिन न तो कोई प्लॉट दिलाया और न ही राशि वापस की। इस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में दर्ज किया। आर्थिक अपराध शाखा भिवानी के सहायक उप निरीक्षक छोटूराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी को सीकर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अक्षय पुत्र बीरबल निवासी हालुवास, जिला भिवानी के रूप में हुई है।



### मादक पदार्थ सप्लाई करने के मामले में दो सप्लायर गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईश्वरवाल की टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन की सप्लाई करने के मामले में दो सप्लायरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 22 जनवरी स्पेशल स्टाफ ईश्वरवाल के सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर सिंह ने नीरज निवासी विद्यानगर कॉलोनी तोशाम को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने खुलासा किया कि वह यह मादक पदार्थ पीरवाली, जिला हिसार निवासी बलविंदर कौर तथा विजय से खरीदकर लाया था। स्पेशल स्टाफ ईश्वरवालों के सहायक उप निरीक्षक कश्मीर सिंह ने मादक पदार्थ हेरोइन सप्लाई करने के मामले में आरोपी विजय को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 29 जनवरी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। वहीं दूसरी आरोपी महिला बलविंदर कौर पत्नी सतनाम निवासी पीरावाली, जिला हिसार को भी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# गीता देवी निदेशक मंडल की चेयरपर्सन और होशियार सिंह बने वाइस चेयरमैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा/ भिवानी

- बंसी लाल उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी की देखरेख में संपन्न हुआ चुनाव

दि भिवानी जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक समिति भिवानी के निदेशक मंडल के पदाधिकारी का चुनाव बंसी लाल उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से हुआ जिसमें गीता देवी को निदेशक मंडल को अध्यक्ष चुना गया व होशियार सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया।

दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि सभी के सहयोग से उन्हें चुना गया है वे सभी का आभार व्यक्त करते हैं और जो जिम्मेदारी उनके कंधों पर डाली गई है वे पूरी निष्ठा से उसे वहन करने का कार्य करेंगे।

वहीं उन्होंने विधायक कपूर वाल्मीकि, कोपरेटिव मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार का भी आभार जताया। इस अवसर पर अनके मौजूद रहे।

# दुष्कर्मी को 20 साल का कारावास व जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- पीड़िता के भाई ने थाना सिवानी में दर्ज करवाई थी शिकायत
- नाबालिग को बहला फुसला की थी वारदात

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सुरुचि अटरेजा सिंह की न्यायालय द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने व, दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी को कठोर दंड से दंडित किया गया है। आरोपी को 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने की सूरत में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में पीड़िता के भाई द्वारा थाना सिवानी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। अदालत ने आरोपी नवीन पुत्र बलबीर निवासी कासनी कला थाना बहल, जिला भिवानी को कई धाराओं के तहत सजा सुनाई गई है।



भिवानी। महिलाओं को सम्मानित करतें विधायक घनश्याम सर्राफ ।

### नागरिकों से की ईधर-उधर कचरा नहीं डालने की अपील

**भिवानी।** नगर परिषद प्रशासन ने शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सडक़ों पर, खाली प्लाटों या गलियों में इधर-उधर कूड़ा-कचरा ना डालें। यदि कहीं पर गंदगी से संबंधित कोई समस्या है तो वे नगर परिषद प्रशासन द्वारा जारी 8053609453 और 8053609445 पर सूचना दें। नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा शिकायत से संबंधित स्थान पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सरकुलर रोड के अलावा अन्य स्थानों से भी कचरा प्वाइंट समाप्त किए गए हैं। इन स्थानों का सौंदर्यकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए घर-घर ऑटो टिपर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ सफाई कर्मचारियों द्वारा गंदगी का उठाना किया जा रहा है। नागरिकों से अपील है कि वे जगह-जगह पर कचरा न डालें, इससे शहर में गंदगी का माहौल बनता है। शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने में आमजन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि आमजन शहर में कहीं पर भी कचरे से संबंधित उठान व सफाई ना हो होने से संबंधित समस्या जारी किए गए नंबरों पर कर सकते हैं।

### चौधरी बंसीलाल बहुतकनीकी के 24 युवाओं को मिला रोजगार

**भिवानी।** सेक्टर 13 स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 24 युवाओं को रोजगार प्रदान किया। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी बृजमोहन अरोड़ा ने बताया कि संस्थान में समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाते हैं।

अरोड़ा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग के छात्रों ने भाग लिया। योग्यता के आधार पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 20 तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग के 04 युवाओं का चयन किया, जिन्हें कंपनी द्वारा जॉइनिंग की अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह फैशन टेक्नोलॉजी एवं डिजाइन तथा फूड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को भी विभिन्न कंपनियों ने रोजगार हेतु चयनित किया है। संस्थान की प्राचार्या डॉ. गीता देवी ने चयनित विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग हर्ष चौधरी, प्राध्यापक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विपिन कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बेटियां समाज का गौरव : विधायक

नवजात बच्ची के माता-पिता को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

समाज में बेटियों के प्रति बदलती सोच और महिला सशक्तिकरण की एक सुंदर तस्वीर हनुमान ढाणी क्षेत्र में देखने को मिली। यहां महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा एक नवजात बच्ची के माता-पिता को सम्मानित कर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया गया। सैनी धर्मशाला में आयोजित इस समारोह ने न केवल परिवार की खुशियों को दोगुना किया, बल्कि सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम को नई ऊर्जा प्रदान की। महासचिव विजय सिंहमार व उपाध्यक्ष रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि हनुमान ढाणी निवासी अजय सैनी और रीना के घर पुत्री रत्न की प्राप्ति होने पर अपनी खुशी को साझा करने के लिए कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। आमतौर पर पुत्र जन्म पर होने वाले इस संस्कार को बेटी के जन्म पर मनाकर परिवार ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोडऩे का काम किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने नवजात बच्ची को आशीर्वाद दिया और माता-पिता को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। अजय सैनी और उनके परिवार ने बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कर यह साबित कर दिया है कि समाज की सोच बदल रही है।

## घंटों इंतजार के बावजूद वापस लौट रहे लोग, इन्वर्टर व बैटरी फेल

# बार-बार बिजली कटौती से सरल केंद्र का कामकाज ठप

बिजली की आंख-मिचौली के कारण बार-बार काटने पड़ रहे हैं सरल केंद्र के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

सरल केंद्र बाढ़ड़ा में लगातार हो रही बिजली कटौती ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है, हालात ऐसे हैं कि दिन में बार बार घंटों बिजली के कट लग रहे हैं, जिसके चलते लोग काफी परेशान हैं। सरल केंद्र में काम करवाने आने वाले लोग घंटों लाइनों में खड़े होकर इंतजार करते हैं और फिर उन्हें वापस लौटना पड़ता हैं। बार बार बिजली कट लगने से कंप्यूटर, इंटरनेट और ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह ठप हो रही हैं। बिजली कटों के कारण सरल केंद्र पर कामकाज ठप है। क्षेत्रवासी हरपाल, अनिल, विक्रम, मंजीत, सुरेश व रामफल आदि ने बताया कि बिजली की आंख-मिचौली के कारण उन्हें बार-बार सरल केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।



भिवानी। बिजली कटों के चलते कस्बे के सरल केंद्र में पसरा सन्नाटा।

### बुजुर्ग, महिलाएं और छात्र सबसे अधिक परेशान

कई बार दूर-दराज से आए लोग लंबी लाइन में लगने के बाद बिना काम करवाए ही वापस लौटने को मजबूर हैं। इससे आमजन में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरल केंद्र पर प्रमाण पत्र, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व जमीन से संबंधित कागजात और अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़े कार्य किए जाते हैं, लेकिन बिजली कटौती के कारण ये सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और छात्र सबसे अधिक परेशान हैं। लोगों ने बिजली विभाग व प्रशासन से मांग की है कि सरल केंद्र बाढड़ा में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि सरल केंद्र में जो ईन्वेर्टर लगाया है, वह जल्द फेल हो जाता हैं, जिससे सरल केंद्र का कामठप हो जाता है। बिजली आने पर सिस्टम ऑन होने में काफी समय लग जाता हैं और इतने देर में फिर से कट लग जाता हैं, जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि जल्द ही ईन्वेर्टर या जनरेटर की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को परेशानयों का सामना न करना पड़े।

# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे




**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट



एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।

## हॉलीवुड मसाला

# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस



**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।



# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।

# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट




**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।

# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब



**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप



### स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों को किया याद

**भिवानी।** स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वालों को नमन करने के लिए लघु सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा।उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महात्मा गांधी सहित देश की आजादी में अपना अमूल्य जीवन कुर्बान करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों का नमन करने के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में सुबह 11 बजे अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान डीएमसी गुलजार मलिक ने कहा कि हमें वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### शहीदों की याद में मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की

**भिवानी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में कुलसचिव डॉ जितेंद्र भारद्वाज की उपस्थिति में सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक करचारियों द्वारा दो मिंट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि हमारे वीर शहीदों की शहादत के बदौलत ही हमें आजादी मिली। हमें अपने देश के वीर सपूतों पर पूर्णतया गर्व है। हमारे वीर शहीदों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए सहर्ष अपने प्राणों का बलिदान दिया है। इन देश के रणबाकुरों एवं वीर शहीदों के हम सदैव ऋणी रहेंगे। हम देश के वीर सपूतों को शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर देश के वीर शहीदों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दो मिनट का मौन धारण कर बलिदानी राष्ट्रभक्तों को दी श्रद्धांजलि

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने लघु सचिवालय परिसर में शुक्रवार को अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि दी। एसडीएम दलाल ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता इसलिए हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की है आवश्यकता है। स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वालों को नमन करने के लिए लघु सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महात्मा गांधी सहित देश की आजादी में अपना अमूल्य जीवन कुर्बान करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों का नमन करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि शहीदों के बलिदान की वजह से ही भारत देश आजाद हुआ और हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

### होशियार गोपी बने वाइस चेयरमैन

**बाढड़ा।** भूमि विकास बैंक बाढड़ा के डायरेक्टर होशियार सिंह गोपी को आज भिवानी जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए चुनाव में सर्वस मति से दी भिवानी जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक का वाईस चेयरमैन चुना गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने उनको बधाई दी है। भिवानी जिला मुख्यालय पर स्थित दी भिवानी जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक पर आयोजित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव शंतिपूर्वक व सहमति से हुए जिनमें गांव जाटू लुहारी निवासी गीता भारद्धाज को अध्यक्ष व भूमि विकास बैंक बाढड़ा के डायरेक्टर होशियार सिंह गोपी को उपाध्यक्ष चुना गया है।

## गांव तिगड़ाना में हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

# विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 31 हजार मिलेंगे

■ 20 टीमें खिताब जीतने के लिए लगाएंगी एड़ी-चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव तिगड़ाना भिवानी (एक पंचायत) में आयोजित हरियाणा ग्रामीण हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को बड़े उत्साह, खेल भावना और अनुशासन के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ठाकुर जनक सिंह, राजेश प्रधान, धीरज हवलदार, भीष्म भगत, जिला पार्षद कृष्ण कुमार एवं सरपंच महोदय सुरेंद्र दहिया द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं खेल मैदान पर शुभकामनाएं देकर किया गया। यह प्रतियोगिता 30, 31 जनवरी एवं एक फरवरी को तिगड़ाना खेल परिसर में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में कुल 20 पंचायतों की टीमों ने भाग लिया है, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। आयोजक समिति के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन नॉक-आउट आधार पर किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक मुकाबला रोमांचक एवं निर्णायक रहेगा। विजेता टीम को 51 हजार रुपये, द्वितीय स्थान को 31 हजार रुपये, तृतीय स्थान को 21 हजार रुपये एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।



**भिवानी।** मैच शुरू होने से पहले खेल मैदान में टीम। फोटो : हरिभूमि

### खेल भावना बनाए रखने की अपील

शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन सभी ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है,ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों और अनुशासन की ओर प्रेरित करती हैं। इससे गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मंच मिलता है और खिलाड़ी भविष्य में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन करते हैं। आयोजन समिति की ओर से मोनू, अमन, दीपक, अमित, कृष्ण टूली, अंकित शर्मा, गौरव शर्मा, मोहित प्रजापत, अजय बांडा, प्रीतम, अमित, कालू ने संयुक्त बयान में बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मैदान, खिलाड़ियों की सुविधाएं, निर्णायक व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने समस्त खिलाड़ियोंक दर्शकों एवं ग्रामवासियों से खेल भावना बनाए रखने की अपील की।

### खेल संस्कृति को मिलता बढ़ावा

कार्यक्रम में युवामुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि आपसी भाईचारा, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर मंच का संचालन दीपा प्रधान, विनोद पिंकू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पार्षद कृष्ण कुमार, चुनमुन, काला मेंबर, नरेश कोच, विक्की तंवर, मेनपाल सिंह, भोमराज जेलदार, श्यामवीर सिंह कैप्टन धर्मवीर, सुरेंद्र पंच, सतेंद्र पंच, अंकित शर्मा, सूरजपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में समस्त ग्रामवासी तिगड़ाना एवं आयोजन समिति की भूमिका सराहनीय रही।

## सीनियर कंपाउंड राउंड में शिवचरण प्रथम



■ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**भिवानी।** दो दिवसीय जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं जिला तिरंदाजी एसोसिएशन के सचिव राजेश धनखड़ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे। राजेश धनखड़ ने कहा कि तीरंदाजी को और बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में अलग-अलग अकादमी में प्रतियोगिता करवाएंगे ताकि इसको ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले उन्होंने कहा कि हमारे जिला अध्यक्ष रमेश ओला पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष के आदेश अनुसार खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी खिलाड़ियों से कोई व्यक्ति सीधे तौर पर एंट्री फीस नहीं ले पाएगा उन्होंने आज लड़कों की प्रतियोगिता के समापन पर उन्हें इनाम वितरित किए। इस अवसर पर कोच अमूल्य आनंद, प्रदीप सांगा,आशुतोष, महेश,अमन,श्याम सुंदर, विक्रम शर्मा और और कोच मनीषा आदि उपस्थित रहे। आज के परिणाम इस प्रकार रहे। सीनियर कंपाउंड राउंड में प्रथम शिवचरण द्वितीय प्रभात, तृतीय सिद्धार्थ व चौथे स्थान पर दीपांशु रहा। इसी तरह जुनियर रिकवर राउंड में प्रथम ललीत,द्वितिय आदित्य, तीसरे स्थान पर सुमित,कंपाउंड राउंड में प्रथम शिवचरण सेकेंड, प्रभात तीसरे स्थान पर सिद्धार्थ व चौथे स्थान पर हिमांशु रहे। इनके अलावा सब-जूनियर रिकवर राउंड में प्रथम अंशुल, ललीत, दूसरे, आदित्य तीसरे तथा सुमित चौथे स्थान, सब जूनियर कंपाउंड राउंड में प्रथम हिमांशु, मयंक दूसरे तथा विनय तीसरे स्थान पर रहे।

## 70 की उम्र में जोश का वॉक, पूर्व सैनिक धर्मपाल ने नेशनल मास्टर्स गेम्स में जीता कांस्य पदक



**भिवानी।** उम्र केवल एक संख्या है, इस बात को भिवानी के पूर्व सैनिक मास्टर धर्मपाल शर्मा ने एक बार फिर साबित कर दिखाया है। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 8वें नेशनल मास्टर्स गेम्स में धर्मपाल शर्मा ने अपनी फिटनेस और खेल भावना का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। पूर्व सैनिक धर्मपाल शर्मा ने 70 वर्ष की आयु वर्ग में हिस्सा लेते हुए 5000 मीटर (5 किलोमीटर) वॉक रेस (चाल दौड़) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस जीत ने ना केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे भिवानी जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह खेल महोत्सव महाराष्ट्र के पुणे (भोसरी-पुणे) स्थित संत ज्ञानेश्वर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (इन्द्रायणी नगर) में आयोजित किया गया। गौरतलब होगा कि धर्मपाल शर्मा केवल इस एक मेडल तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने पहले भी राष्ट्रीय स्तर की कई दौड़ प्रतियोगिताओं में अनेकों मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। 70 वर्ष की उम्र में उनकी यह सक्रियता आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। वह संदेश देते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी अनुशासन और खेलों के प्रति समर्पण से समाज में एक नई मिसाल पेश की जा सकती है। भिवानी के इस जांबाज खिलाड़ी ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो बुढ़ापा कभी भी आपके लक्ष्यों के आड़े नहीं आता।

## हरियाणा टीम ने जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में दो स्वर्ण समेत छह पदक जीते



**भिवानी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 23 से 29 जनवरी तक आयोजित जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में हरियाणा की जूडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित छह पदक प्राप्त किए हैं। हरियाणा जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजीत बामला ने बताया कि चैंपियनशिप में 73 किलोग्राम भारवर्ग में अंकित ने रजत, 81 किलो भारवर्ग में इंद्र आकाश सिंह ने स्वर्ण, 90 किलो भारवर्ग में जतिन ने रजत, 100 किलो अधिकतम भार वर्ग में दिव्य ने रजत, 70 किलो भारवर्ग में मनप्रीत ने रजत व 78 किलोग्राम भारवर्ग में राधिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में 81 किलो भारवर्ग के इंद्र आकाश सिंह को सर्वश्रेष्ठ जूडो खिलाड़ी घोषित किया गया। जूडो टीम में जूडो कोच मीना, मीनू सोलंकी, ज्योति पंवार, राष्ट्रीय कोच नवीन सोलंकी शामिल थे। हरियाणा जूडो एसो.के पूर्व प्रधान श्यामलाल त्यागी एडवोकेट, टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन अर्जुन अवार्डी यशपाल सोलंकी, प्रधान डा.मनीषा सांगवान, भीम अवार्डी अनिल कुमार, वीरेंद्र यादव, टैक्नीकल चेयरमैन हरियाणा महेंद्र सिंह, वाईस चेयरमैन संदीप सिंह सेन, सतीश यादव आदि ने विजेताओं को बधाई दी।

## एक को होगा भव्य हिंदू सम्मेलन श्रद्धालुओं को दिया निमंत्रण



**भिवानी।** हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम के महंत बालयोगी चरणदास के नेतृत्व में पिछले 10 महीनों से चल रही अढ़ाई कोसी नगर परिक्रमा एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है। एक फरवरी को इस यात्रा के 10 माह पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माघ मास की पूर्णिमा पर शहर में नगर परिक्रमा और भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव को भव्य बनाने के लिए बालयोगी महंत चरणदास ने शुक्रवार को स्वयं कमान संभाली। उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निमंत्रण अभियान चलाया। इस दौरान वे शारदा मिडल स्कूल सहित शहर की कई शिक्षण संस्थाओं और प्रमुख मोहल्लों में पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं और युवाओं को इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि फरवरी को होने वाला हिंदू सम्मेलन हमारी सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक होगा। मेरा आह्वान है कि हर घर से श्रद्धालु इस नगर परिक्रमा में शामिल हों और धर्म का लाभ उठाएं। इस अवसर पर प्राचार्य कैलाश कौशिक, उप प्राचार्या मीनाक्षी दीक्षित, सुनील, उषा, सुषमा, किरण, निखिल, विकास, बादल, भारती, एकता, हीना, अंजूना, साक्षी, डा. बलवान शर्मा रिटायर डिप्टी डायरेक्टर, शिवकुमार चित्रकार, सुशील गुप्ता, तूफान सिंह, शुभम, देव, राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

## सही समय पर इलाज से हो सकते हैं ठीक: सचिव प्रदीप

# युवाओं को कुष्ठ रोग मुक्त हरियाणा बनाने के लिए दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर शुक्रवार से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से विशेष जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत की। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि ये अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करना और इससे प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को जड़ से समाप्त करना है। रेडक्रॉस भवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए लगभग 100 युवाओं को कुष्ठ रोग मुक्त हरियाणा बनाने की शपथ दिलवाई। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल कुष्ठ रोग की पहचान और इलाज में मदद करेंगे, बल्कि समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी काम करेंगे।



**भिवानी।** कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाड़े की शपथ लेते युवा।

### कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं: प्रदीप

कार्यक्रम में युवाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि कुष्ठ रोग का निदान आसान है और इसका इलाज पूरी तरह संभव है। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप ने कहा कि अक्सर जानकारी के अभाव में लोग इस बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों से दूरी बना लेते हैं, जो गलत है। यह पखवाड़ा लोगों को यह समझाने के लिए है कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है और सही समय पर इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गांवों और शहरी वार्डों में जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति इस बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज न करे और समय पर उपचार प्राप्त कर सके। भेदभाव को खत्म करें, सम्मान को सुनिश्चित करें।

## छात्राओं को योग पीटी एवं मेडिटेशन का करवाया अभ्यास

**लोहारू।** सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के दौरान शुक्रवार को छात्राओं को योगा, पीटी और मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। एनएसएस प्रभारी डॉ निशा ने बताया कि जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। शिविर में प्रदीप सिंह ने स्वदेशी एवं स्वरोजगार स्टार्टअप पर विस्तार व्याख्यान दिया। हरियाणा में स्वदेशी और स्थानीय स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने छात्राओं को नौकरी चाहने वाले की बजाय रोजगार देने वाले के रूप में शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया।

## नन्हे-मुन्ने लिटिल हार्टियन्स ने मनाया ब्लैक एंड व्हाइट क्लर डे...




**भिवानी।** लिटिल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल में प्री-प्राईमरी कक्षा के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने आज बड़े ही उत्साह के साथ ब्लैक एंड व्हाईट क्लर डे मनाया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राईमरी कक्षा के विद्यार्थियों की विभिन्न गतिविधियों व आकर्षक फन गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने पुरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया व विद्यार्थियों ने हमारे खान-पान में दूध, दही, पोष्टिक आहार व स्वस्थ खान-पान के महत्व के बारे में बताते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिए। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रतिभा के चहुमुखी विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के आयोजन करवाये जाते रहते है जिससे बच्चें भविष्य में आगे चलकर आत्मनिर्भर बन सकें व देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या वीना सेठ, को-ऑर्डिनेटर रिटा शर्मा, ज्योति, अनु, नीलम शर्मा, कविता, मंजु यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## समस्याओं के समाधान में खानापूर्ति सहन नहीं: उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याएं सुन उनका समाधान करना होता है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान में खानापूर्ति सहन नहीं की जाएगी। अधिकारी समाधान शिविरों में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उचित समाधान करें।

# बहल में सीएचसी बनाने की मांग

■ लोगों ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अपग्रेड कर सीएचसी बनाए जाने की मांग सीएम दरबार तक पहुंच गई है। शुक्रवार को कस्बे के लोगों ने चंडीगढ जाकर सीएम हाऊस में सीएम नायब सिंह सैनी से मिले और उनसे बहल कस्बे में सीएचसी बनाने की मांग रखी। लोगों ने कहा कि बहल कस्बे में सीएचसी बनने से बहल क्षेत्र के करीब 100 से ज्यादा गांवों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

सीएम से मिलने पहुंचे सोशल एक्टिविस्ट राजेश अग्रवाल व अन्य लोगों ने कहा कि बहल में सीएचसी के अलावा अनेक मांगे लंबित है जो बहल के विकास के लिए पूरी होनी जरूरी है। उन्होंने सीएम से कहा कि बहल कस्बा राजस्थान सीमा से सटा है। यह क्षेत्र शुरू से ही पिछड़ा क्षेत्र रहा है जिस वजह से लोग मुलभूत सुविधाओं से मरहूम है। उन्होंने बहल को उपमंडल बनाने, बहल कस्बे में सीएम मनोहरलाल के समय मंजूर हुए बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू करवाने, लोहारू से डूंगरगढ वाया लोहानी-कैरू-ओबरा-बहल को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने संबंधी मांगे रखी। इसके अलावा मौजूदा बहल भिवानी एमडीएच रोड पर डिवाइडर बनवाने व स्ट्रीट लाइट्स लगाने की मांग रखी।

### महाविद्यालय बनाने की मांग

लोगों ने सीएम को दिए मांग पत्र में उनसे कहा कि बहल में लड़कियों के लिए तो उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय है पर लड़कों के लिए उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए, बहल क्षेत्र के लड़कों की उच्च शिक्षा के लिए एक महाविद्यालय की मांग को पूरा किया जाए। इसके अलावा बहल में लंबित लाल डोरे में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देते हुए जमीन की रजिस्ट्री करवाई जाए। राजेश अग्रवाल ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी ने उनके द्वारा रखी गई सभी मांगों को गौर से सुना और नियमानुसार मापदंड पूरा करने वाली मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। राजेश अग्रवाल ने सीएम का आभार जताया और कहा कि बहल की इन मांगों के पूरा होने से बहल कस्बे में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

## विदाई — चिकित्सा अधिकारी, प्रवर चिकित्सा अधिकारी व प्रधान चिकित्सा अधिकारी पद पर दी सेवाएं

1999 में बतौर मेडिकल ऑफिसर किया था ज्वाइन

# 28 साल की सेवा उपरांत डॉ. राज दिसोदिया प्रधान चिकित्सा अधिकारी पद से सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज दिसोदिया शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर साथी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. दिसोदिया ने चिकित्सा क्षेत्र में 28 वर्ष से सेवाएं दी और वे चिकित्सा अधिकारी, प्रवर चिकित्सा अधिकारी व प्रधान चिकित्सा अधिकारी पद पर सेवारत रहे। उल्लेखनीय हैं कि डॉ. राज दिसोदिया ने चिकित्सा क्षेत्र में ज्वाइन करके लोगों का उपचार किया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया। डॉ. राज दिसोदिया ने वर्ष 1999 में बतौर मेडिकल ऑफिसर ज्वाइन किया था और 28 साल की सेवा के उपरांत शुक्रवार को सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर साथी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया।




**भिवानी।** डॉ. राज दिसोदिया को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते साथी चिकित्सक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मिलनसार स्वभाव के हैं धनी

समारोह में सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि डॉ. राज दिसोदिया ने हमेशा अपनी ड्यूटी को सर्वोपरि माना और पूरी ईमानदारी से ड्यूटी का निर्वहन किया। वे 28 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन वे व्यक्तिगत तौर पर हमेशा हमारे साथ रहेंगे। डॉ. राज का शालीन एवं मिलनसार स्वभाव व कार्य हमेशा याद रहेगा। डॉ. राज ने चिकित्सा अधिकारी, प्रवर चिकित्सा अधिकारी व प्रधान चिकित्सा अधिकारी पद पर रहने हुए ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डॉ. एडविन, डॉ. बलवान, डॉ. मनीष श्योराण, डॉ. यतीन गुप्ता, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. नवीन घोष, डॉ. रीटा, डॉ. रुपेंद्र रंगा, चांदराम बराड़, डॉ. सरला, एक्सईएन विनोद दिसोदिया, डॉ. अशोक व डॉ. अविष्टि सहित अनेक साथी अधिकारी व कर्मचारियों ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया। सभी ने उनके कार्य की प्रशंसा की और उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की।

## शिक्षा बोर्ड से सात अधिकारी और कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, गरिमामयी समारोह में दी विदाई



**भिवानी।** आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से हरीश कुमार, दलीप कुमार व वेदपाल सहायक सचिव के पद से तथा बलवान सिंह, सोमदत्त, व पवन जीत कुमार अधीक्षक के पद से एवं बलवान सिंह, सहायक पद से सेवानिवृत हुए। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो० (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा, ने सेवानिवृत हुए 06 अधिकारियों व 01 कर्मचारी को शुभकमनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा उनके सुखमय व आनंदमय जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि हरीश कुमार, सहायक सचिव 36 वर्ष 05 महीने 09 दिन, दलीप कुमार, सहायक सचिव 36 वर्ष 05 महीने 07 दिन, वेदपाल, सहायक सचिव 36 वर्ष 05 महीने 04 दिन एवं बलवान सिंह, अधीक्षक 34 वर्ष 09 महीने 24 दिन, सोमदत्त, अधीक्षक 34 वर्ष 09 महीने 22 दिन, पवन जीत कुमार, अधीक्षक 31 वर्ष 06 महीने 14 दिन तथा बलवान सिंह, सहायक 21 वर्ष 01 महीने 18 दिन तक बोर्ड में अपनी सेवाएं देने उपरान्त सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए 06 अधिकारियों व 01 कर्मचारी को उनके कार्य के प्रति समर्पण और लम्बी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 16 तक करें आवेदन

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए आरकेवीवाई योजना के समाम मद के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसान इस अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए 16 फरवरी तक कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि वे किसान जो मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सीजन रबी 2024 एवं खरीफ 2025 में पंजीकृत है, वो ही इस योजना में आवेदन के लिए पात्र होंगे। एक परिवार पहचान पत्र में से केवल एक किसान एक कृषि यंत्र पर ही अनुदान का लाभ ले सकता है।

### व्योमिका को सम्मानित न करने पर जताया रोष

**भिवानी ।** गणतंत्र दिवस पूरे देश में शौर्य और सम्मान का प्रतीक होता है, वहीं हरियाणा के भिवानी जिले से विवाद सामने आया है। ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस का परिचय देने वाली बहादुर सैनिक व्योमिका सिंह को सम्मानित न किए जाने पर अनुसूचित जाति के संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्योमिका सिंह हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बापोड़ा से संबंध रखती हैं और अनुसूचित जाति से संबंध रखती हैं। उन्होंने सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### चार लेबर कोड के खिलाफ मजदूरों का हल्ला बोल

**भिवानी ।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और नए चार लेबर कोड के कार्यान्वयन के खिलाफ देश के श्रमिक संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। एआईयूटीयूसी सहित देश की दस बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी, ये बात एआईयूटीयूसी जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कही। उन्होंने हड़ताल का व्यापक असर भिवानी में देखने को मिलेगा, जहां भवन निर्माण, मनरेगा मजदूर, स्कीम वर्कर, कच्चे-पक्के कर्मचारी सहित संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्ण समर्थन का ऐलान किया है।

### सेशन जज ने कारागार का किया निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव पवन कुमार ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और कैदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सेशन जज डीआर चालिया ने बैरकों की साफ-सफाई, शौचालयों व स्नानघरों की स्वच्छता को और बेहतर बनाने के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कैदियों के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल, उचित वेंटिलेशन तथा अन्य राहत उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### नशामुक्ति से ही समाज का निर्माण संभव

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में आज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन में ड्रग अवेयरनेस रैली का सफल आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रोफेसर आनन्द कुमार द्वारा किया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी नष्ट कर देता है।

---

*पिंजोखरा में रात्रि ठहराव, एडीसी करवा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं*

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों पर निर्धारित समयावधि में ठोस कार्रवाई करें अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार वीरवार को गांव पिंजोखरा में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों की समस्याओं पर दो सप्ताह के अंदर-अंदर कार्रवाई कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भिवानी सरल केंद्र के अलावा जिला के प्रत्येक खंड कार्यालय में आधार कार्ड निःशुल्क बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों की दौड़ और महिलाओं की मटका दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। एसडीएम प्रदीप अहलावत, नायब तहसीलदार अशोक कुमार और थाना प्रभारी महाबीर सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।





**तोशाम।** आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। व प्रशासन के खुले दरबार में समस्या रखता एक फरियादी।

#### मटका दौड़ में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान मटका दौड़ खेल प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बुजुर्गों और महिलाओं ने पूरा दमखम लगाया। बुजुर्गों की दौड़ में श्रीराम ने पहला, उमेद ने दूसरा और कृष्ण ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार से महिलाओं की दौड़ में लक्ष्मी ने पहला, मोनिका ने दूसरा और नीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अंकित लांबा ने सभी अधिकारियों का स्वागत और आभार प्रकट किया।

#### डीएसपी ने नशे से बचाने का संदेश

समस्याएं सुनने के दौरान डीएसपी दलीप कुमार ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से बचाने के लिए आगे आएं। पुलिस प्रशासन द्वारा युवाओं को नशे की दलदल से निकालने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहे हैं। इसमें ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। यदि कोई युवा नशे की गिरफ्त में है या जा रहा है तो वे इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें।

#### समस्याओं को किया मौके पर ही निराकरण

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एडीसी श्री करवा के समक्ष पीएम किसान निधि योजना का लाभ दिलाने, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण करवाने, फसल बीमा योजना का लाभ दिलवाने, मकान निर्माण हेतू सहायता राशि दिलवाने, दिव्यांगता पेंशन बनवाने, बिजली ट्रांसफार्मर लगवाने, बिजली के पोल बदलवाने, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, गली पक्की बनवाने, माइनर पर पुलिया बनवाने, बिजली बिल दुरुस्त करवाने, सिंचाई के लिए खेतों में नाली बनवाने, पीएम सूर्यघर योजना का लाभ दिलवाने, दिव्यांग पेंशन बनवाने, गांव के स्कूल को 12वीं कक्षा तक का दर्जा दिलवाने, स्टेडियम का निर्माण करवाने तथा उसमें खेल का सामान रखवाने आदि समस्याएं रखी।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रात्रि ठहराव में आई ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित और ठोस कार्रवाई करें। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए ही सरकार के निर्देशानुसार रात्रि ठहराव कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा जनसुनवाई की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार के लापरवाही या ढिलाई ना बरतें। वहीं एडीसी ने ग्रामीणों से कहा कि प्रदेश सरकार की अधिकांश जनकल्याणकारी योजनाएं ऑनलाइन तरीके से पीपीपी से जुड़ी हुई हैं। पात्र व्यक्ति ऑनलाइन तरीके से उनके लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं सरकार द्वारा योजनाओं की लाभ राशि सीधे पात्र व्यक्तियों के खाते में पारदर्शिता के साथ भेजी जा रही है।

---

### कांग्रेस ने मनरेगा नाम परिवर्तन पर भाजपा पर साधा निशाना

*जनता की हर लड़ाई में आमजन के साथ खड़ा हूं: चौधरी*

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत तोशाम में किया सांकेतिक धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

जनता की हर लड़ाई में मैं आमजन के साथ खड़ा हूं। जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता मैं किसानों के लिए मुआवजे की आवाज उठाता रहूंगा और मजदूरों के हित में मनरेगा बचाओ संग्राम जारी रहेगा। उक्त शब्द कांग्रेस के भिवानी ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने शुक्रवार को तोशाम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के बाहर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सांकेतिक धरने के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए और 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात उन्होंने कैरू के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के बाहर भी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला महासचिव प्रदीप बंसल ईशरवाल, कांग्रेस हल्का अध्यक्ष मनदीप ढुहन, सुशील पहिवाल तोशाम, जगदीश जांगड़ा झावरी, हरीश तोशामिया, श्याम टाला, मास्टर मनिंदर बागनवाला, गणेश मितल, सोमबीर चन्नी, राजकुमार धनखड, किसान नेता राजेश, सत्यवान, जगदीश ठेकेदार, सत्यवान हसान, सरपंच विजेंद्र उर्फ थोलू, दिलबाग बेडवाल, रोहित, राजेन्द्र रलिया, अशोक बुरा, प्रह्लाद झाझड़िया, सज्जन दहिया, धूप सिंह स्यामी, नरेन्द्र खावा, सुरजीत लाम्बा, प्रवीण सरदाना महेश उर्फ महेशी, रवि आर्य, एडवोकेट भीष्म खानक, तेलू राम सागवान, पूर्व बार प्रधान एडवोकेट सत्यवान श्योराण, विनोद महता, पुनीत महता, सोमवीर पटौदी आदि सहित सैकड़ो की संख्या में किसान-मजदूर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

अनिरुद्ध चौधरी शुक्रवार को तोशाम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सांकेतिक धरने के दौरान उपस्थित सैकड़ो लोगों को संबोधित कर रहे थे।



#### किसान-मजदूरों के हक के लिए कांग्रेस ने भरी हुंकार

**बवानीखेड़ा।** प्रदेश में किसानों के मुआवजे और मजदूरों के रोजगार के मुद्दे पर राजनीति गर्मा गई है। करीब सात माह पूर्व हुई भारी बारिश के कारण खेतों में हुए जलभराव का अभी तक अधिकत्तर किसानों को मुआवजा नहीं मिलने तथा मनरेगा योजना को बंद किए जाने के विरोध में शुक्रवार को ना केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं, बल्कि आस-पास के क्षेत्र के पीड़ित किसानों व मजदूरों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के नेतृत्व में बवानीखेड़ा की सडकों पर उतरकर सरकार को घेरा। हांसी चुंगी से लेकर तहसील कार्यालय तक कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में जुटे किसान-मजदूरों के साथ रोष मार्च निकालते हुए नरवाल ने तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। हाथों में झंडे और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए किसानों और मजदूरों का जत्था जब तहसील पहुंचा, तो वहां माहौल पूरी तरह गरमा गया। कांग्रेस राष्ट्रीय प्रदीप नरवाल ने चेताया कि यदि जल्द ही मुआवजे की राशि किसानों के खातों में नहीं डाली गई और मनरेगा को सुचारू रूप से नहीं चलाया गया, तो यह आंदोलन केवल ज्ञापन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे और भी उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली को किसान व मजदूर विरोधी करार देते हुए तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सरकार केवल विज्ञापनों में अन्नदाता व मजदूरों की की हितैषी बनती है, जबकि जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। उन्होंने कहा कि सात महीने बीत जाने के बाद भी आज तक अधिकत्तर किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। जबकि जलभराव के कारण किसानों की एक फसल बर्बाद होने के साथ-साथ वे अगली फसल की बुवाई से भी वंचित रह गए। ऐसे में उन पर दोहरी मार पड़ी। इसके बावजूद भी किसान अपने नुकसान की भरपाई के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहा है।

#### किसान सभा व भारत की नौजवान सभा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन

**भिवानी।** किसान सभा व भारत की नौजवान सभा ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहादत दिवस पर उन्हें याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संकल्प लिया कि नौजवानों को गांधीजी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सांप्रदायिक सोहार्द, आपसी भाईचारे व मेल मिलाप को मजबूत किया जाए तथा बेरोजगारी, कृषि संकट, सामाजिक कल्याण की नीतियों पर ज्यादा बजट खर्च हो। पंडित नेकीराम शर्मा लाईब्रेरी परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीवाईएफआई के जिला संयोजक अनुराग ने की। इस मौके पर किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई थी और 1947 के सांप्रदायिक दंगों में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में भूख हड़ताल की थी। उस दौरान अंग्रेजों की चाल में फंसकर कुछ साम्प्रदायिक ताकतों ने सामाजिक माहौल को खराब कर दिया। उसी खराब माहौल का परिणाम बापूजी की हत्या के रूप में हुआ और उन्हें बड़ी शहादत देनी पड़ी। उस समय हमारे देश के गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने कहा था कि कुछ ताकतों ने बापूजी की हत्या करके घृणित कार्य किया है और हत्या से पहले उन्होंने एक घृणा का माहौल बनाया। आज भी वे ताकतें अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है और धर्म एवं जाति के नाम पर जनता की वास्तविक समस्याओं से ध्यान बांटने के लिए आपसी फूट पैदा करके साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे को बिगाड़ने का काम करती हैं, उससे जनता एवं विशेषकर नौजवानों को सावधान रहना होगा।



---

## चित्रकला प्रतियोगिता में स्नेहा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संत गुरु रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थानीय दादरी गेट स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं तक के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से संत रविदास के जीवन और उनके संदेशों को कैनवास पर उकेरा। प्रतियोगिता में कुल 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपनी तूलिका से संत गुरु रविदास के विभिन्न स्वरूपों का सुंदर चित्रण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने शिरकत की तथा संत गुरू रविदास व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की



**भिवानी।** प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

शुरुआत की। इस मौके पर निर्णायक मंडल में जंगबीर सिंह, पवन भारद्वाज व विपिन कुमार रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नेहा, द्वितीय स्थान पर जीनू तथा तृतीय स्थान पर कृतिका रही, जिन्हे अतिथि द्वारा सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि संत गुरु रविदास किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के पथ-प्रदर्शक थे।

## भेरा में लगाए शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान



**तोशाम।** क्षेत्र के गांव भेरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी बाबूलाल जिंदल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी मंडी से प्राध्यापिका सुनीता जनावा उपस्थित रही। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया तथा नेत्र जांच शिविर में 300 लोगों के की आंखों की जांच की गई। जिसमें श्योराण हॉस्पिटल ईशरवाल तथा अमित श्योराण मेडिकल हाल भेरा की टीम व भिवानी जालान अस्पताल की टीम सुरेंद्र तिगाला जमालपुर, नवीन, सोमवीर आदि का सहयोग रहा। इस दौरान सेठ बाबूलाल जिंदल ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा की रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है और इसकी पूर्ति केवल रक्तदान से ही संभव है।

## सरपंचों ने रोष बैठक आयोजित कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

उपमंडल क्षेत्र की अनेक गांवों के सरपंचों ने खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में प्रदेश सरकारा द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं में लगाई गई शर्तो को वापस लेने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा। कस्बे के जुई रोड़ स्थित बीडीपीओ कार्यालय में सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार रामचंद्र उमरवास की अगुवाई में आयोजित बैठक में खंड के लगभग तीन गांवों के सरपंचों ने सरकार द्वारा प्रतिदिन लगाई जा रही नई नई शर्तो से विकास योजनाओं के प्रभावित होने



बाढड़ा। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

का आरोप लगाते हुए वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग ने ग्राम सभाओं की बैठकों में प्रथम बैठक में ४० प्रतिशत, दूसरी बैठक में 30 प्रतिशत व तीसरी बैठक में अनिवार्य तौर पर 20 प्रतिशत जनभागीदारी होना आवश्यक कर दी गई है जो न्यायसंगत नहीं है।

---

## बाढड़ा एसडीएम आशीष सांगवान ने किया आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों का निरीक्षण



बाढड़ा। आंगनबाडी के रिकार्ड की जांच करते हुए।

**बाढड़ा।** उपमंडल बाढड़ा के एसडीएम आशीष सांगवान ने आज क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, पोषण और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति और पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पाई गई कमियों को लेकर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम आशीष सांगवान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में शौचालयों को नियमित रूप से चालू रखा जाए तथा बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य व स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को आदेशदिएकि स्कूलोंमेंसाफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आगे से कोई शिकायत या खामी ना मिले।

---

**कार्यक्रम** | गरीब, मजदूर व कमेरे वर्ग होंगे आर्थिक रूप से मजबूत

*नई योजना के तहत अब राशि सात दिन के अंदर ही खाते में आया करेगी*

# वीबी-जी राम जी में सौ की बजाए 125 दिन मिलेगा रोजगार: सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीएम नरेंद्र मोदी के दिसम्बर माह में गरीब, मजदूर व कमेरे वर्ग के हित में लाए गए वीबीजी राम जी बिल (योजना) से जबरदस्त फायदा होगा। उनको अब मनरेगा में मिलने वाले सौ दिन की बजाए 125 दिनों का गांरटिंड काम मिलेगा। यहां तक कि अब उनको किए गए कार्यों के बदले मेहनताने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

पहले उनको दो से तीन माह तक पैसे के लिए इंतजार करना पड़ता था। अब नई योजना के लागू होने से उनको यह राशि सात दिनों के भीतर



**भिवानी।** वीबीजी राम जी के तहत आयोजित कार्यक्रम में एक बुजुर्ग को माला पहनाकर सम्मानित करते विधायक

अपने आप उनके बैंक खाते में आ जाएगी। इस योजना के लागू होने से मजदूर, गरीब व कमेरे वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। इस योजना के तहत हर गांव से कम से कम चार सौ से लेकर पांच सौ जरूरतमंद लोगों को कार्य दिया जाएगा। वे आज वीबी जी राम जी बिल को लेकर आयोजित जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव राजगढ में लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक श्री सर्राफ ने आज इस बिल को लेकर नवा, राजगढ, कितलाना, ढाणा लाडनपुर, ढाणा नरसान, बामला व उमरावत में जनसम्पर्क चलाया और लोगों की उक्त बिल से सबंधित समस्याएं व शंकाओं का निवारण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक श्री सर्राफ के समक्ष अनेक मांगे रखी। जिनका विधायक श्री सर्राफ ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर मौके पर निपटारा करवा दिया। विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुददा नहीं है। पूरा विपक्ष मुद्दा विहिन हो गया है।

#### विकास कार्यो के लिए सरकारी खजाने लबालब

विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि सार्वजनिक कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब है। बशर्ते ग्रामीण सार्वजनिक विकास कार्य लेकर आए। उनको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। सीएम नायब सिंह सैनी का भिवानी से विशेष लगाव है। वे भिवानी का चहुंमुखी विकास करवाना चाहते है। जिसके चलते भिवानी के विकास के लिए दिल खोलकर बजट जारी कर रहे है। इस दौरान विधायक श्री सर्राफ को प्रत्येक गांव में पहुंचने पर पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया।